<u>कार्यालय – जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)</u>

// महत्वपूर्ण सूचना //

लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम जशपुर, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) हेतु **ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क, रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एन्ट्री ऑपरेटर** एवं **ऑफिस प्यून(मुंशी/अटेंडेट)** के विभिन्न पदों पर भर्ती के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की जाँच कर , पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों के आवेदनों की छटनी की गई । विभिन्न पदों हेतु पाये गये अपात्र अभ्यर्थियों की पृथक–पृथक से सूची तैयार की गई है । तैयार की गई सूचियों में**(संलग्न सूची अनुसार)** अभ्यर्थियों के अपात्र होने का कारण भी दर्शित किया गया है ।

अतः जिन अभ्यर्थियों/आवेदकों का नाम अपात्र सूची में सम्मिलित है, वे पात्र होने के संबंध में अपना दावा/आपत्ति कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) के **शासकीय ई–मेल आईडी–**jashpur.court@gov.in के माध्यम से अथवा **व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अथवा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा कोरियर के माध्यम से <u>दिनांक 30.01.2024 के संध्या 5:00 बजे त</u>क** प्रस्तुत कर सकते हैं । यह आवेदक/अभ्यर्थी की स्वयं की जिम्मेदारी होगी कि वे निर्धारित समय के पूर्व अपना दावा आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत करें । निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन/दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

सही/–
(अध्यक्ष)
चयन समिति
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)